Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

**Q.1** भारत और विदेशों में एक बृहत पाठक आधार वाले अर्थशास्त्री और प्रसिद्ध साहित्यिक व्यक्तित्व, प्रोफेसर अरुणोदय साहा, जिन्हें 2025 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, किस भारतीय राज्य से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ 1. पश्चिम बंगाल
- ✗ 2. ओडिशा
- ✓ 3. त्रिपुरा
- ✗ 4. मिज़ोरम

**Q.2** निम्नलिखित में से किस एजेंसी ने 2025 में 'मेडिकल इनोवेसंस पेटेंट मित्र (Medical Innovations Patent Mitra)' लॉन्च किया?

Ans
- ✗ 1. AIIMS नई दिल्ली
- ✓ 2. ICMR
- ✗ 3. DST
- ✗ 4. NITI आयोग

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा स्टेप, कट और पेस्ट विधि का उपयोग करके किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर को स्थानांतरित करने का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ 1. फाइल ओपन करें → क्लोज पर क्लिक करें → रिसाइकिल बिन ओपन करें
- ✗ 2. फाइल सलेक्ट करें → राइट-क्लिक करें → कॉपी करें → नई लोकेशन पर जाएं → राइट-क्लिक करें → पेस्ट करें
- ✓ 3. फाइल सलेक्ट करें → एडिट पर जाएं → कट करें या Ctrl + X दबाएं→ नई लोकेशन पर जाएं → एडिट पर जाएं→ पेस्ट करें या Ctrl + V दबाएं
- ✗ 4. फाइल सलेक्ट करें → Ctrl + C दबाएं→ नई लोकेशन पर जाएं → डिलीट दबाएं

**Q.4** 1925 में प्रकाशित क्वांटम यांत्रिकी सिद्धांत से जुड़े होने के लिए किनको सबसे ज्यादा जाना जाता है?

Ans
- ✗ 1. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
- ✗ 2. वोल्फगैंग पाउली (Wolfgang Pauli)
- ✗ 3. हेनरिक रुडोल्फ हर्ट्ज़ (Heinrich Rudolf Hertz)
- ✓ 4. वर्नर हाइजेनबर्ग (Werner Heisenberg)

**Q.5** फ़राज़ी आंदोलन के कर-मुक्त अभियान का मुख्य लक्ष्य _______ थे।

Ans
- ✗ 1. स्थानीय जनजातीय शासक
- ✗ 2. ब्रिटिश सेना
- ✓ 3. नील उत्पादक और ज़मींदार
- ✗ 4. मुग़ल अधिकारी

Adda247

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.6** मई 2025 में किस संगठन ने उच्च दाब वाले समुद्री जल विलवणीकरण के लिए एक स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमेरिक झिल्ली (nanoporous multilayered polymeric membrane) को सफलतापूर्वक तैयार किया?

**Ans**
- ✗ 1. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)
- ✗ 2. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC)
- ✗ 3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- ✓ 4. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

**Q.7** निम्नलिखित में से किस वर्ष भारतीय विश्वविद्यालयों पर कठोर नियंत्रण करने हेतु भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम लागू किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. 1893
- ✗ 2. 1886
- ✓ 3. 1904
- ✗ 4. 1900

**Q.8** भारतीय कृषि में, गैर-बुआई मौसम के दौरान किस प्रकार की बेरोजगारी सर्वाधिक प्रचलित है?

**Ans**
- ✗ 1. प्रच्छन्न बेरोजगारी
- ✓ 2. मौसमी बेरोजगारी
- ✗ 3. चक्रीय बेरोजगारी
- ✗ 4. संरचनात्मक बेरोजगारी

**Q.9** संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की स्थापना का आदेश देता है?

**Ans**
- ✗ 1. अनुच्छेद 342
- ✓ 2. अनुच्छेद 338
- ✗ 3. अनुच्छेद 335
- ✗ 4. अनुच्छेद 340

**Q.10** पाल (Pala) एवं प्रतिहार (Pratihara) साम्राज्य में एक प्रांत (भुक्ति) के गवर्नर को क्या कहा जाता था?

**Ans**
- ✗ 1. राष्ट्रपति (Rashtrapati)
- ✗ 2. कोष्टपाल (Koshtapala)
- ✓ 3. उपरिका (Uparika)
- ✗ 4. विषयपति (Visayapati)

**Q.11** पेरिस में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ AI एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता निम्नलिखित में से किस नेता ने की?

**Ans**
- ✗ 1. जो बाइडेन (Joe Biden)
- ✗ 2. मार्क रूट (Mark Rutte)
- ✗ 3. व्लादिमीर पुतिन (Valdamir Putin)
- ✓ 4. इमैनुएल मैक्रॉन (Emmanuel Macron)

**Q.12** केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की अनुशंसा कौन-सा निकाय करता है?

**Ans**
- ✗ 1. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
- ✗ 2. नीति आयोग
- ✗ 3. सर्वोच्च न्यायालय
- ✓ 4. वित्त आयोग

Adda247

Q.13 ग्रामीण आजीविका और घरेलू प्रबंधन में महिलाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का न्यूनतम प्रतिशत कितना है?

Ans
✗ 1. 50%
✓ 2. 33%
✗ 3. 25%
✗ 4. 43%

Q.14 मई 2025 में T20 में 9000 रन बनाकर, निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया?

Ans
✗ 1. रोहित शर्मा
✗ 2. तिलक वर्मा
✗ 3. केएल राहुल
✓ 4. विराट कोहली

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सी परिकल्पना/सिद्धांत, गैस और धूल के घूर्णी बादल से सौर मंडल के निर्माण की व्याख्या करती/करता है?

Ans
✗ 1. पट्टिका-विवर्तनिकी सिद्धांत (Plate Tectonics Theory)
✓ 2. नीहारिका परिकल्पना (Nebular Hypothesis)
✗ 3. महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत (Continental Drift Theory)
✗ 4. बिग बैंग सिद्धांत (Big Bang Theory)

Q.16 30 मई 2025 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में कितने नए न्यायाधीशों को शपथ दिलाई गई?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. छह
✓ 3. तीन
✗ 4. चार

Q.17 भारत में वन्यजीव अभयारण्य मुख्यतः ________ के लिए स्थापित किए गए हैं।

Ans
✗ 1. पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने
✗ 2. वन राजस्व उत्पन्न करने
✓ 3. संकटग्रस्त प्रजातियों की रक्षा करने
✗ 4. शहरी विकास

Q.18 2025 में, वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के पास सैन्य गतिविधियों में वृद्धि के कारण दो देशों के बीच निम्नलिखित में से कौन-सा विवाद बढ़ गया?

Ans
✗ 1. कच्चाथीवू द्वीप पर भारत-श्रीलंका विवाद
✗ 2. पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन विवाद
✓ 3. सियाचिन पर भारत-पाकिस्तान विवाद
✗ 4. कालापानी पर भारत-नेपाल विवाद

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, उच्च न्यायालयों को कानूनी और मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने का अधिकार देता है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 324
✓ 2. अनुच्छेद 226
✗ 3. अनुच्छेद 136
✗ 4. अनुच्छेद 124

Q.20 रेलवे की तुलना में सड़क परिवहन का मुख्य लाभ क्या है?

Ans
✗ 1. पर्यावरण के अनुकूल
✓ 2. डोर-टु-डोर सर्विस
✗ 3. लंबी दूरी के लिए उपयुक्त
✗ 4. लंबी दूरी के लिए रेलवे परिवहन की तुलना में सस्ती और तेज

Adda247

Q.21 2025 में परमाणु हथियार निषेध संधि (TPNW) के सदस्य देशों की तीसरी बैठक कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans
✗ 1. जिनेवा
✗ 2. ब्रुसेल्स
✗ 3. वियना
✓ 4. न्यूयॉर्क सिटी

Q.22 21 मई 2025 तक की स्थिति के अनुसार भारत ने उपग्रह संचार (सैटकॉम) में कौन-सी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की?

Ans
✓ 1. उपग्रह-आधारित संचार सेवाओं का सबसे तेज़ वैश्विक रोलआउट आरंभ किया
✗ 2. विश्व का पहला 7G उपग्रह प्रक्षेपित किया
✗ 3. सभी विदेशी उपग्रह संचार प्रदाताओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया
✗ 4. राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण पूरा किया

Q.23 निजी क्षेत्र में बैंक स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्राप्त करने वाला भारत की पहली वित्तीय संस्था निम्नलिखित में से कौन-सी थी?

Ans
✗ 1. एक्सिस बैंक लिमिटेड
✓ 2. HDFC लिमिटेड
✗ 3. इंडसइंड बैंक लिमिटेड
✗ 4. कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

Q.24 निम्नलिखित विटामिनों पर विचार करें।

1. विटामिन A
2. विटामिन B6
3. विटामिन C
4. विटामिन D

इनमें से कौन-से विटामिन वसा में विलेय होते हैं?

Ans
✓ 1. केवल 1 और 4
✗ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. केवल 1, 2 और 3

Q.25 निम्नलिखित में से किसे आधुनिक हिंदी साहित्य और रंगमंच का जनक माना जाता है?

Ans
✗ 1. प्रेमचंद
✗ 2. जयशंकर प्रसाद
✗ 3. महावीर प्रसाद द्विवेदी
✓ 4. भारतेंदु हरिश्चंद्र

Q.26 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी रोजगार का कानूनी आश्वासन प्रदान करता है। MGNREGA के अंतर्गत, ग्रामीण परिवार प्रति वर्ष कितने दिन की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार का हकदार है?

Ans
✗ 1. 150 दिन
✗ 2. 200 दिन
✗ 3. 50 दिन
✓ 4. 100 दिन

Q.27 17 दिसंबर 2024 को लोकसभा में पेश किया गया संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, ____________________।

Ans
✗ 1. राज्य को नागरिकों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) की उन्नति के लिए कोई विशेष प्रावधान करने का अधिकार प्रदान करता है
✓ 2. निर्वाचन आयोग को एक ही समय में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव कराने का अधिकार प्रदान करता है
✗ 3. राष्ट्रपति को एक साथ विभिन्न आधारों पर राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा करने का अधिकार प्रदान करता है
✗ 4. संसद को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से निपटने के लिए कानून बनाने का अधिकार प्रदान करता है

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.28 | जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के अंतर्गत, कौन-सा मिशन विशेष रूप से भारत में सौर ऊर्जा के विकास को बढ़ावा देता है? |
| Ans | ✗ 1. सतत आवास मिशन<br>✗ 2. राष्ट्रीय जल मिशन<br>✓ 3. राष्ट्रीय सौर मिशन<br>✗ 4. राष्ट्रीय हरित मिशन |

| | |
|---|---|
| Q.29 | 2025 समाचार में, गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (Guillain-Barré Syndrome - GBS) मुख्य रूप से मानव शरीर तंत्र के किस हिस्से को प्रभावित करता है? |
| Ans | ✓ 1. परिसरीय तंत्रिका तंत्र<br>✗ 2. पाचन तंत्र<br>✗ 3. प्रतिरक्षी तंत्र<br>✗ 4. परिसंचरण तंत्र |

| | |
|---|---|
| Q.30 | भारतीय सिविल सेवा (ICS) और भारतीय पुलिस (IP) को किस वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया, जिन्हें बाद में अखिल भारतीय सेवाओं के रूप में मान्यता दी गई? |
| Ans | ✓ 1. 1947<br>✗ 2. 1945<br>✗ 3. 1950<br>✗ 4. 1946 |

| | |
|---|---|
| Q.31 | निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत श्रृंखला, दक्कन पठार की पूर्वी परिसीमा का निर्माण करती है? |
| Ans | ✗ 1. पश्चिमी घाट<br>✓ 2. पूर्वी घाट<br>✗ 3. विंध्य पर्वत श्रृंखला<br>✗ 4. सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला |

| | |
|---|---|
| Q.32 | किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम के अंतर्गत मौलिक अधिकारों में संशोधन करने की संसद की शक्ति को बहाल किया गया था? |
| Ans | ✗ 1. 42वां संशोधन अधिनियम, 1976<br>✗ 2. 52वां संशोधन अधिनियम, 1985<br>✗ 3. 44वां संशोधन अधिनियम, 1978<br>✓ 4. 24वां संशोधन अधिनियम, 1971 |

| | |
|---|---|
| Q.33 | निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा, मणिपुर राज्य की आधिकारिक भाषा है? |
| Ans | ✗ 1. बोडो<br>✗ 2. मिज़ो<br>✓ 3. मैतेई<br>✗ 4. खासी |

| | |
|---|---|
| Q.34 | 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर पुरस्कार की विजेता सिमोन बाइल्स, _____ खेल से संबंधित हैं। |
| Ans | ✗ 1. स्विमिंग (swimming)<br>✗ 2. टेनिस (tennis)<br>✓ 3. जिम्नास्टिक (gymnastics)<br>✗ 4. ट्रैक एंड फील्ड (track and field) |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.35 ऑपरेटिंग सिस्टम में डिवाइस ड्राइवर का क्या कार्य है?
Ans
✔ 1. OS और हार्डवेयर के बीच संचार मैनेज करना
✘ 2. सॉफ़्टवेयर अपडेट इंस्टॉल करना
✘ 3. नए यूजर अकाउंट बनाना
✘ 4. अस्थायी फ़ाइलों को क्लीन करना

Q.36 मई 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कौन थे?
Ans
✘ 1. डी.वाई. चंद्रचूड़
✘ 2. एन.वी. रमण
✘ 3. शरद अरविंद बोबड़े
✔ 4. भूषण आर. गवई

Q.37 पालक जैसी सब्जियों में निम्नलिखित में से कौन-सा वर्णक मौजूद होता है, जो इसे विशिष्ट हरा रंग प्रदान करता है?
Ans
✘ 1. ल्यूटिन
✘ 2. ज़ैंथोफिल
✘ 3. ऐंथोसाएनिन
✔ 4. क्लोरोफिल

Q.38 प्रारंभिक वैदिक काल में रचित चार वेदों की मुख्य विषयवस्तु क्या है?
Ans
✔ 1. प्रार्थना और स्तोत्रगान
✘ 2. कृषि नियमावली
✘ 3. कानून और अनुष्ठान
✘ 4. युद्ध की रणनीतियाँ

Q.39 भारत के विशाल मैदानों में किस प्रकार की मृदा बड़े पैमाने पर पाई जाती है?
Ans
✔ 1. जलोढ़ मृदा
✘ 2. लाल मृदा
✘ 3. लैटेराइट मृदा
✘ 4. काली मृदा

Q.40 मुंडा विद्रोह का नेतृत्व करने वाले महानायक का क्या नाम था?
Ans
✘ 1. प्रकाश मुंडा
✔ 2. बिरसा मुंडा
✘ 3. निर्मल मुंडा
✘ 4. करिया मुंडा

Section : **Mathematics**

Q.1 संख्या 267533 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?
Ans
✔ 1. 7
✘ 2. 5
✘ 3. 6
✘ 4. 12

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.2 टाइगर और दिशा को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। टाइगर 100 km/hr की चाल से कार चला रहा है, जबकि दिशा 35 km/hr की चाल से कार चला रही है। यदि टाइगर को कानपुर पहुंचने में 14 घंटे लगते हैं, तो दिशा को पहुंचने में कितना समय लगेगा?

Ans
✗ 1. 47 घंटे
✗ 2. 36 घंटे
✗ 3. 45 घंटे
✓ 4. 40 घंटे

Q.3 पांच सदस्यों वाले उस परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए, जिनका वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 74 kg और 37 kg है।

Ans
✗ 1. 50.2
✗ 2. 52.2
✓ 3. 51.2
✗ 4. 53.2

Q.4 किसी कंपनी द्वारा अर्जित लाभ (₹ में) को कंपनी के तीन साझेदारों के बीच 13 : 3 : 9 के अनुपात में बांट दिया जाता है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्से का अंतर ₹36,846 है, तो कंपनी का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 92,110
✓ 2. 92,115
✗ 3. 92,051
✗ 4. 92,167

Q.5 वीर ने ₹180/दर्जन की दर से कुछ पेन खरीदे। उसने ₹22 प्रति पेन की दर से उन्हें बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______ % है। (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित करें।)

Ans
✗ 1. 44.67
✗ 2. 48.67
✓ 3. 46.67
✗ 4. 50.67

Q.6 यदि 60 और 30 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 15
✗ 2. 13
✗ 3. 16
✗ 4. 18

Q.7 प्रथम 156 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 157.5
✓ 2. 157
✗ 3. 158
✗ 4. 156.5

Q.8 ABCD एक चतुर्भुज है, जिसकी भुजाएँ बराबर हैं और ∠ABC=90° है। यदि सम्मुख भुजाएँ समांतर हों तथा सम्मुख कोण बराबर हों, तो ABCD एक __________ है।

Ans
✗ 1. समचतुर्भुज
✗ 2. आयत
✗ 3. पतंग
✓ 4. वर्ग

Adda247

Q.9 दो क्रमागत सम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 2452 है। संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 54
2. 70 ✓
3. 46
4. 52

Q.10 संख्या 648679059 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 3 ✓
2. 10
3. 8
4. 11

Q.11 65 का 65%, 55 के $\frac{2}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 14.25
2. 17.25
3. 18.25
4. 20.25 ✓

Q.12 112 km की दूरी तय करने में, सलज को केविन से 3 घंटे अधिक लगते हैं। यदि सलज अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे केविन से 5 घंटे कम लगते हैं। सलज की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 6 km/hr
2. 7 km/hr ✓
3. 5 km/hr
4. 10 km/hr

Q.13 $\frac{3}{2}+\left(\frac{1}{1+\frac{5}{8}}\right)-\frac{4}{3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{52}{79}$
2. $\frac{54}{85}$
3. $\frac{61}{78}$ ✓
4. $\frac{68}{71}$

Q.14 कोई व्यक्ति ऋण चुकाने के लिए अपने मासिक वेतन के 33% के बराबर मासिक भुगतान करता है। वह शेष वेतन का 25% खर्च करता है और ₹402 बचाता है। उसका मासिक वेतन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 800 ✓
2. 707
3. 771
4. 734

Q.15 किसी बैंक में ₹625 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 16% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश की जाती है। परिपक्वता पर, देय धनराशि ₹841 हो जाती है। निवेश की समयावधि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1 वर्ष
2. 1.5 वर्ष
3. 2.5 वर्ष
4. 2 वर्ष ✓

Q.16 जब किसी गुब्बारे में हवा भरी जाती है, तो उसकी त्रिज्या स्वयं की 5 गुना बढ़ जाती है। हवा भरने के बाद गुब्बारे के पृष्ठीय क्षेत्रफल और हवा भरने से पहले गुब्बारे के पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1 : 5
✓ 2. 25 : 1
✗ 3. 5 : 1
✗ 4. 10 : 1

Q.17 संख्याओं 6.3 और 0.07 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए

Ans
✗ 1. 0.063
✓ 2. 6.3
✗ 3. 0.63
✗ 4. 63

Q.18 यदि मैरी की वर्तमान आयु का 3 गुना, दीया की वर्तमान आयु के 5 गुने से 29 वर्ष अधिक है, और दीया की वर्तमान आयु का 2 गुना, मैरी की वर्तमान आयु से 9 वर्ष कम है, तो मैरी और दीया की आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) कितना है?

Ans
✓ 1. 11
✗ 2. 9
✗ 3. 7
✗ 4. 8

Q.19 सपना ने ₹20,900 की राशि को साधारण ब्याज पर आंशिक रूप से 10% वार्षिक और आंशिक रूप से 9% वार्षिक दर से निवेश किया। यदि उसे 8 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से समान ब्याज प्राप्त होता है, तो 10% वार्षिक दर से निवेश की गई राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9,902
✗ 2. 9,897
✓ 3. 9,900
✗ 4. 9,901

Q.20 A किसी कार्य को 16 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 22 दिनों में कर सकता है। यदि वे 2 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans
✗ 1. $\frac{73}{88}$
✗ 2. $\frac{79}{88}$
✗ 3. $\frac{71}{88}$
✓ 4. $\frac{69}{88}$

Q.21 दिया गया है कि $132^{0.14} = x$, $132^{0.26} = y$ और $x^z = y^2$ है, तो z का मान _________ के निकटतम होगा।

Ans
✗ 1. 2.37
✓ 2. 3.71
✗ 3. 5.03
✗ 4. 4.84

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{4}{9}$ भाग को 20 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{9}$ भाग को 30 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 3 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 4 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
1. 117 घंटे
2. 135 घंटे ✔
3. 147 घंटे
4. 115 घंटे

Q.23 पाँच ठोस घन, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 15625 $cm^3$ है, उनके सिरों को जोड़कर एक घनाभ बनाया जाता है। घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा?

Ans
1. 7591
2. 7500 ✔
3. 7280
4. 7593

Q.24 एक थोक व्यापारी ₹12,000 अंकित मूल्य वाले उत्पाद पर 15% की व्यापार छूट प्रदान करता है। व्यापार छूट के बाद, घटी हुई कीमत पर 10% की योजना छूट लागू की जाती है। ग्राहक को अंतिम मूल्य के रूप में कितना भुगतान करना होगा?

Ans
1. ₹9,520
2. ₹9,180 ✔
3. ₹8,400
4. ₹8,750

Q.25 $57^{-9} \div 57^{4} \times 57^{-10}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $57^{-18}$
2. $57^{-23}$ ✔
3. $57^{-33}$
4. $57^{-25}$

Q.26 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$3\left(\left(\frac{6}{3}\right)x^2 - 22x + 14\right) - 6(x^2 + 6x - 15)$$

Ans
1. −102x − 132
2. 102x − 132
3. −102x + 132 ✔
4. 102x + 132

Q.27 ₹600 के गिफ्ट पर 20% की एकल छूट तथा 10% और 10% की दो क्रमिक छूटों का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹3
2. ₹5
3. ₹6 ✔
4. ₹1

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.28 | एक दुकानदार एक पंखे का मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है और इसके अंकित मूल्य पर 16% की छूट देता है। यदि वह ₹64 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 1,600<br>✘ 2. 1,701<br>✘ 3. 1,419<br>✘ 4. 1,354 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | यदि $K \times \frac{\sin A - 2\sin^3 A}{2\cos^3 A - \cos A} = 1$ है, तो $K$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. cosecA<br>✘ 2. 1<br>✔ 3. cotA<br>✘ 4. tanA |

| | |
|---|---|
| Q.30 | M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 6 महीने के लिए, N के निवेश से ₹49,000 अधिक निवेश करता है और N, 7 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹3,519 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹207 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. ₹2,05,800<br>✘ 2. ₹2,05,705<br>✘ 3. ₹2,05,873<br>✘ 4. ₹2,05,777 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| | |
|---|---|
| Q.1 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>**PFI : NGE**<br>**GKJ : ELF** |
| Ans | ✘ 1. EEI : CGE<br>✔ 2. IDO : GEK<br>✘ 3. RNQ : PON<br>✘ 4. NCH : LDE |

| | |
|---|---|
| Q.2 | निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ करना जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>**541, 448**<br>**362, 269** |
| Ans | ✔ 1. 459, 366<br>✘ 2. 470, 374<br>✘ 3. 642, 546<br>✘ 4. 564, 469 |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.3 सात बॉक्स F, G, H, I, K, L और O एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
केवल G को I के ऊपर रखा गया है। I और O के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। केवल L को F के नीचे रखा गया है। H को O के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
K और L के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. तीन
2. दो ✔
3. चार
4. एक

Q.4 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

CORD - RCOD - DROC
KIND - NKID - DNIK

Ans
1. BEAT - EBAT - TEAB
2. WANT - NWAT - TNAW ✔
3. TEAR - TAER - RAET
4. SLAP - ASLP - LAPS

Q.5 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 6 & % 4 @ 8 9 $ 5 & 1 Ω 3 # 2 * £ 7 (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएँ से सातवाँ होगा?

Ans
1. 5
2. 9
3. 8 ✔
4. 4

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 5 9 23 39 ?

Ans
1. 66
2. 64
3. 65 ✔
4. 68

Q.7 A, B, C, D, J, K और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
K के दाईं ओर से गिनने पर K और J के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के दाईं ओर से गिनने पर D और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A, L के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
C के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. D
2. L
3. A ✔
4. J

Q.8 प्रतीक अपनी कक्षा में नीचे से 14वें स्थान पर तथा ऊपर से 27वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 38
2. 37
3. 40 ✔
4. 39

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.9** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

28 29 31 35 43 ?

**Ans**
1. 56 ✗
2. 59 ✓
3. 57 ✗
4. 58 ✗

**Q.10** पवन, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 39 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 79 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 48 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 43 km ड्राइव करता है। फिर दाएं मुड़ता है और 73 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 36 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
1. 64 km, दक्षिण की ओर ✓
2. 74 km, पूर्व की ओर ✗
3. 57 km, पश्चिम की ओर ✗
4. 72 km, उत्तर की ओर ✗

**Q.11** संख्या 8453126 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
1. तीन ✗
2. एक भी नहीं ✓
3. एक ✗
4. दो ✗

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WINE' को '4512' के रूप में और 'NETI' को '5624' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 4 ✗
2. 6 ✓
3. 2 ✗
4. 5 ✗

**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CAKE' को '7209' और 'ACHE' को '0295' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'H' का कूट क्या है?

**Ans**
1. 5 ✓
2. 2 ✗
3. 9 ✗
4. 0 ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

कुछ फ़्यूज़, तार हैं।
कोई तार, बैटरी नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ फ़्यूज़, बैटरी हैं।
(II) कुछ तार, फ़्यूज़ हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से EJRX का संबंध HLUZ से है। उसी तरीके से, QRDF का संबंध TTGH से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZXML का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
1. CGNH
2. CZPN ✔
3. CPNG
4. CZNP

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ पेड़, छेनी हैं। कुछ छेनी, ग्राफ हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ पेड़, ग्राफ हैं।
निष्कर्ष (II): सभी ग्राफ, छेनी हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.17 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंक वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 218 168 879 953 622 (दाएँ)

(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।)

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अंक, व्यवस्थित करने के बाद बाएँ से चौथी संख्या का दूसरा अंक होगा?

Ans
1. 2
2. 8
3. 9
4. 1 ✔

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. DKG
- ✓ 2. RYV
- ✗ 3. AHD
- ✗ 4. GNJ

Q.19 नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

451 450 442 415 351 ?

Ans
- ✓ 1. 226
- ✗ 2. 232
- ✗ 3. 228
- ✗ 4. 236

Q.20 यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 ÷ 13 + 96 × 8 − 14 = ?

Ans
- ✓ 1. 54
- ✗ 2. 50
- ✗ 3. 56
- ✗ 4. 52

Q.21 S, M की पुत्री है। M, A की पत्नी है। A, R का पिता है। R, T का भाई है। S का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ 1. बहन
- ✗ 2. पुत्री
- ✗ 3. माता
- ✗ 4. पुत्र

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
ATE VOZ QJU LEP ?

Ans
- ✗ 1. GZL
- ✗ 2. HZK
- ✗ 3. GYK
- ✓ 4. GZK

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. RN-UQ
- ✗ 2. MI-PL
- ✗ 3. IE-LH
- ✓ 4. FB-ID

Q.24 छह यात्री L, M, N, P, Q और R एक बेंच पर एक सीधी रेखा में बैठे हैं। वे सभी उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L और R के ठीक बीच में M बैठा है। Q पंक्ति के दाएं छोर पर बैठा है। M, Q के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। R, Q के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। P, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। L के ठीक बाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✓ 1. N
- ✗ 2. R
- ✗ 3. P
- ✗ 4. M

**Q.25** जैक बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। अंततः वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ 1. 5 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 2. 5 km, पूर्व की ओर
- ✗ 3. 7 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 4. 7 km, दक्षिण की ओर

**Q.26** आदित्य अपनी कक्षा में शीर्ष से 34वें स्थान पर तथा नीचे से 44वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ 1. 78
- ✗ 2. 76
- ✗ 3. 79
- ✔ 4. 77

**Q.27** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

56 D 23 C 69 B 2 D 79 C 36 B 9 A 3 = ?

Ans
- ✗ 1. 314
- ✔ 2. 200
- ✗ 3. 150
- ✗ 4. 223

**Q.28** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
YCS KOE WAQ IMC ?

Ans
- ✔ 1. UYO
- ✗ 2. YOU
- ✗ 3. UOY
- ✗ 4. YUO

**Q.29** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. JCH
- ✗ 2. NGL
- ✔ 3. UNR
- ✗ 4. QJO

**Q.30** यदि + का अर्थ –, – का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 ÷ 44 × 4 + 6 – 4 = ?

Ans
- ✗ 1. 17
- ✔ 2. 4
- ✗ 3. 24
- ✗ 4. 9

Adda247